प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 18 अगस्त से शिमला में शुरू होगा। दो सितंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल 12 बैठकें होंगी। कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने राज्य चयन आयोग द्वारा टीजीटी व जेबीटी पदों के लिए परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को उपरी आयु सीमा में दो वर्ष की एकमुश्त छूट देने के निर्णय पर अपनी मोहर लगाई। मंत्रिमंडल ने आगामी शहरी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने और प्रदेश में एक बार लॉटरी सिस्टम खोलने का निर्णय भी लिया, ताकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सके। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों को भी मंजूरी प्रदान की।

जयराम

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने प्रदेश में पुनः लॉटरी खोलने के मंत्रिमंडल के फैसले की कड़ी ओलाचना की है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने एक बार फिर लॉटरी को वैध कर दिया है, जो पहले भी लोगों के घरों को तबाह करने का कारण बनी थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इन्हीं कारणों के चलते लॉटरी को पहले भी बंद कर दिया गया था।

बाईट – जयराम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष

*हिमाचल प्रदेश में आ लॉटरी को लीगलाइज कर दिया गया है। यानिकी लॉटरी जो बंद की गई थी, बंद इसलिए की गई थी कि बहुत सारे परिवार तबाह हुए, कई घर नीलाम हुए, कई लोगों ने आत्महत्या की, उस कारण से बंद की थी, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के दौर में फिर से इसको लीगलाइज कर दिया जाए, ये फैसला लिया गया और जिसके कारण आने वाले समय में निश्चित रूप से हालात ऐसे बनेंगे कि प्रदेश में वो ही स्थिति फिर से हमारे सामने आएगी।*

बैंकिंग–लॉ संशोधन–अधिनियम

बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 के मुख्य प्रावधान आज से प्रभावी हो गए हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मानकों में सुधार करना और निवेशकों व जमाकर्ताओं की अधिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष 15 अप्रैल को अधिसूचित अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकों की ऑडिट गुणवत्ता में सुधार और सहकारी बैंकों में अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर, निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाना है। अधिनियम के प्रावधान अधिकतम ब्याज की सीमा में भी संशोधन करेंगे और इसे पांच लाख रुपये से बढ़ाकर दो करोड़

रुपये तक करेंगे। नया अधिनियम 1970 के संविधान संशोधन के अनुरुप सहकारी बैंकों में निदेशकों का कार्यकाल आठ वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष करेगा।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दो अगस्त शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यात्रा के दौरान नौ करोड़ 70 लाख से ज़्यादा किसानों को 20 हज़ार 500 करोड़ रुपये से अधिक राशि की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे।

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में आज भी मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी छह अगस्त तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

*हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का क्रम जारी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार राज्य के अनेक स्थानों में भूस्खलन के कारण अभी भी 2 सौ 91 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 4 सौ 16 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 19 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। प्रदेश को अब तक इस मानसून सीजन में कुल 1662 करोड़ रुपये से ज्यादा की सार्वजनिक सम्पति का नुकसान हुआ है। इसमें लोक निर्माण विभाग को 847 करोड़ और जल शक्ति विभाग को 556 करोड़ रुपये की क्षति पहुंची है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के पांच जिलों कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला*

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के निर्णयों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में शुरू होगी लॉटरी, शहरी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण। दैनिक जागरण के शब्द हैं–हिमाचल में 25 साल बाद शुरू होगी लॉटरी। दिव्य हिमाचल लिखता है–सालाना 100 करोड़ होगी कमाई। पंजाब केसरी का शीर्षक है–दुर्गम व जनजातीय क्षेत्रों में 290 आशा वर्कर होंगी नियुक्त। हिमाचल दस्तक का कहना है–विधानसभा का मॉनसून सत्र 18 अगस्त से, होंगी 12 बैठकें। दैनिक सवेरा टाइम्स ने लिखा है–सूबे में पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को सरकार की मंजूरी। दैनिक भास्कर ने खबर दी है–मुख्यमंत्री सुक्खू आज से दिल्ली दौरे पर, कैबिनेट विस्तार और निगमों–बोर्डों में ताजपोशी पर होगी चर्चा।